## विशेष रिपोर्ट

# बेस मेटल

## अप्रैल 2023




एल्युमीनियम • तांबा • लेड • जिंक

smc

Moneywise. Be wise.

मार्च 2023 में, औद्योगिक धातुओं में मिला-जुला कारोबार हुआ। चीन में मौसमी मांग में सुधार के कारण तांबें और एल्युमीनियम की कीमतों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि अर्थव्यवस्था में कुल मिलाकर सुधार हुआ। तांबा इस साल सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली औद्योगिक धातु रही है, जिसमें 6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जबकि अन्य मेटल जैसे जिंक और लेड में व्यापक वित्तीय बाजार की कमजोरी के कारण गिरावट हुई है। मौसमी स्तर पर ताबें का भंडार अब 2008 के बाद से सबसे कम है, जिससे तांबे की कीमतों को मदद मिल रही है। चीन में आर्थिक गतिविधि 2023 के पहले तीन महीनों में बढ़ी क्योंकि खपत और बुनियादी ढांचे पर निवेश ने कमजोर वैश्विक मांग की चुनौतियों और संपत्ति क्षेत्र में मंदी के बावजूद महामारी के व्यवधान से उबरने में मदद की। फरवरी में रिकॉर्ड-ब्रेकिंग विस्तार की तुलना में चीन की मैनुफैक्चरिंग गतिविधि मार्च में धीमी गति से बढ़ी, लेकिन फिर भी रॉयटर्स पोल में अर्थशास्त्रियों की अपेक्षाओं से अधिक रही। दक्षिण-पश्चिम चीन के युन्नान प्रांत में उत्पादन बाधित होने के कारण एल्युमीनियम की कीमतों में तेजी दर्ज की गई।

**आउटलुक**

- मिले-जुले फंडामेंटल के कारण बेस मेटल की कीमतें अलग-अलग दिशाओं में कारोबार कर सकती हैं। मार्च में व्यवसाय में विश्वास और आवास बाजार में सुधार के साथ चीन का आर्थिक सुधार मिला-जुला था । लेकिन वित्तीय बाजार में उथल-पुथल के बढ़ते जाने के बीच वैश्विक दृष्टिकोण कमजोर रहा है। वैश्विक आर्थिक विकास की चिंताओं ने धातुओं की मांग को अधिक धूमिल कर दिया और यूरोप में उत्पादन में कटौती के कारण आपूर्ति की चिंता अधिक हो गई।
- वैश्विक वातावरण अनिश्चित बना हुआ है, लेकिन केंद्रीय बैंकों ने मुद्रास्फीति को रोकने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि जारी रखी है और बैंकिंग संकट ने निवेशकों की चिंता को बढ़ा दिया है। एक कमजोर वैश्विक अर्थव्यवस्था का मतलब मांग में अधिक गिरावट होना है।
- आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च में चीन की उपभोक्ता मुद्रास्फीति सितंबर 2021 के बाद से सबसे धीमी हो गई, जो खाद्य कीमतों में गिरावट के कारण हुई है, असमान आर्थिक सुधार के बीच मांग में कमजोरी बनी हुई है।
- हरित अर्थव्यवस्थाओं की ओर बढ़ते रुझान से तांबे के भंडार में गिरावट भी तेज हो गई है, क्योंकि तांबा नवीकरणीय-ऊर्जा प्रौद्योगिकी में एक आवश्यक घटक है।
- गोल्डमैन सैच के अनुसार, पिछले साल की तुलना में इस साल की शुरुआत में चंद्र नव वर्ष के बाद गतिविधियों में तेजी आने के बाद, चीन में तांबे की मांग में पिछले महीने की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गोल्डमैन सैच का अनुमान है कि तांबा 2025 तक 15,000 डॉलर तक पहुंचने से पहले निकट अवधि में 10,500 डॉलर प्रति टन तक पहुंच सकता है।
- राज्य के स्वामित्व वाली फर्म कोडेल्को ने चेतावनी दी कि 2022 का उत्पादन संकट इस साल अधिक बदतर हो जाएगा क्योंकि यह वर्षों के कम निवेश के बाद अपने पुराने परिचालन को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहा है।
- व्यापारी अभी भी दक्षिण-पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत में किसी भी संभावित उत्पादन व्यवधान को देख रहे हैं, जहां स्थानीय एल्यूमीनियम उत्पादकों को कम पनबिजली आपूर्ति के कारण बिजली के उपयोग में कटौती करने के लिए कहा गया है।

**मार्च 2023 में बेस मेटल की कीमतों में बदलाव( % )**




स्रोत : एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स


**जनवरी-मार्च 2023 में बेस मेटल की कीमतों में बदलाव**




स्रोत : एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

## एल्युमीनियम

### एल्यूमीनियम




### एमसीएक्स में एल्युमीनियम का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर एल्युमीनियम वायदा पिछले हफ्ते नीचे आकर 206.55 पर बंद हुआ। सितम्बर 2022 से फरवरी 2023 तक कीमतों ने 185-230 के दायरे में कारोबार किया है। अब कीमतें 21 दिनों के मूविंग एवरेज 209 से नीचे कारोबार कर रही हैं। अब छोटी अवधि में अगला तत्काल रेजिस्टेंस 212.00 पर है, और इस स्तर से ऊपर बने रहने की स्थिति में 230/245 की ओर अच्छी बढ़त देखी जा सकती है। यदि यह 200.00 के तत्काल सपोर्ट स्तर से नीचे टूटती है तो यह क्रमशः 187/172 तक नीचे की ओर बढ़ सकती हैं। कुल मिलाकर एल्युमीनियम की कीमतों के अपने रेजिस्टेंस स्तर से नीचे जाने की उम्मीद है। इसलिए हम मौजूदा माह में कीमतों में बढ़ोतरी पर बिकवाली करने की सलाह देते हैं।

## तांबा

### तांबा





### एमसीएक्स में तांबा का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर तांबा वायदा पिछले सप्ताह कम होकर 771.10 पर बंद हुआ है। अब कीमतें 740 के साप्ताहिक ट्रेंड लाइन रेजिस्टेंस के ऊपर अच्छी तरह से बनी हुई हैं। अब तत्काल रेजिस्टेंस 792 पर है। यदि कीमतें 792 की तत्काल रेजिस्टेंस से ऊपर जाती है तो यह 815/840 की ओर बढ़ सकती है। यदि कीमतें 792 के रेजिस्टेंस स्तर से ऊपर बरकरार रहने में असफल रहती है, तो निकट भविष्य में नीचे की ओर 740/715 के स्तर की ओर जा सकती है। कुल मिलाकर कमोडिटी के अपने सपोर्ट स्तर से ऊपर जाने की उम्मीद है।

लेड

## लेड





## एमसीएक्स में लेड का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर लेड वायदा पिछले हफ्ते कम होकर 180.55 पर बंद हुआ है। वर्तमान में कीमतें 18 दिनों के ईएमए स्तर 182.55 से नीचे कारोबार कर रही हैं। मोमेंटम ऑसिलेटर स्टोकैस्टिक (14,3,3) अब नकारात्मक विचलन देख रहा है और छोटी से मध्यम अवधि के लिए नरमी का रुझान भी प्रदान कर रहा है। अब 186 पर महत्वपूर्ण रेजिस्टेंस देखा जा रहा है, इस स्तर से ऊपर कारोबार करने पर इस महीने में 192/200 की ओर तेजी देखी जा सकती है और यदि कीमतें 179.50 के सपोर्ट स्तर से नीचे बनी रहती हैं तो 174 एवं 169 की ओर क्रमश: नीचे तक जा सकती है।

जिंक

## जिंक




## एमसीएक्स में जिंक का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर जिंक वायदा पिछले सप्ताह कम होकर 247.30 पर बंद हुआ है। वर्तमान में कीमतें 200 दिनों के ईएमए स्तर 280.00 से नीचे और साप्ताहिक स्तर पर कम होती सपोर्ट ट्रेंड लाइन स्तर 260 से नीचे कारोबार कर रही हैं। अब तत्काल सपोर्ट 245.00 के नजदीक है । यदि कीमतें 245.00 के स्तर से नीचे टूटती है, तो नीचे की ओर 230/215 की ओर लुढ़क सकती है और यदि कीमतें तत्काल रेजिस्टेंस 273 के स्तर से ऊपर रहती है और स्थिर बनी रहती है, तो क्रमश: 290/310 की ओर बढ़ जाएगी।

**For any queries, Contact:**
Commodity Research Desk
Tel: +91-11-30111000, Ext: 683,684,625,630

SMC Research also available on Reuters

E-mail: smc.care@smcindiaonline.com

Moneywise. Be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor, Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।